लतिका मिस व रिफात मिस्टर यूनिवर्सिटी बने

- बिरला इंस्टीट्यूट भीमताल बना ओवर आल चैम्पियन
- यूटीयू का एनुअल एथलेटिक्स एण्ड टैक्नोकल्चरल फेस्टिवल सम्पन्न

मिस्टर रिफत व मिस युनिवर्सिटी लतिका धामी

देहरादून (एसएनबी)। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) का एनुअल ऐथलेटिक्स एंड टैक्नो-कल्चरल फेस्टिवल का शानदार ढंग से समापन हुआ। तीन दिवसीय समारोह में छात्र-छात्राओं ने स्पर्धाओं के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन करते हुए बिरला इंस्टीट्यूट भीमताल ओवर आल चैम्पियन रहा।

बृहस्पतिवार को विवि के सुद्धोवाला स्थित खेल परिसर में आयोजित समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि यूटीयू के पूर्व कुलपति प्रो. वीके तिवारी ने छात्र-छात्राओं से खेल स्पर्धाओं में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। तीन दिवसीय समारोह में 100 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में शिवालिक कालेज के गौरव व बालिका वर्ग में परिशमा पहले स्थान पर रही। बालक वर्ग के 200 मीटर दौड़ में किंग्स्टन कालेज के शिवम व बालिका वर्ग में महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून की विल्माजीत ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। डिस्कस थ्रो में जेबीआईटी पहले स्थान पर रहा। भाला फेंक के बालक वर्ग में तुलाज व बालिका वर्ग में बीआईएएस भीमताल, सोसियों हैकार्थॉन में टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग नई टिहरी से ईशान एण्ड टीम ने बाजी मारी। रिले रेस के बालक वर्ग में बिरला इंस्टीट्यूट भीमताल व बालिका वर्ग में महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, शिवालिक कॉलेज के रिफात को मिस्टर व फैकल्टी आफ टेक्नोलॉजी की छात्रा लतिका धामी को मिस यूनिवर्सिटी के खिताब से नवाजा गया। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने रिफात को मिस्टर व लतिका धामी को मिस यूनिवर्सिटी के खिताब से सम्मानित किया। समारोह में 'फेस टू फेस विद वाइस चांसलर' का आयोजन किया गया जिसमें कुलपति ओंकार सिंह ने प्लेसमेंट, कैरियर, परीक्षा प्रश्नपत्रों से जुड़े सवाल का जवाब दिया। साथ ही कुलपति ने सफल आयोजन पर हर्ष जताया।

इस मौके पर आयोजन समिति के कॉर्डिनेटर डा. मनोज कुमार पाण्डा, कार्यक्रम प्रभारी डा. विशाल रमोला, खेल प्रभारी विकास चौहान, सनिल रावत, सोसियो हैकार्थॉन प्रभारी डा. संदीप सिंह आदि थे।